बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग)

(निबंधित कार्यालयः—विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

Contact No:7763817975, 7763818077, email-hr.admin@bsptcl.bihar.gov.in, website-www.bsptcl.in

TIN VAT No-10011257007, TIN CST No-10011146136, CIN-U74110 BR 2012 SGC 018889

कार्यालय आदेश सं0—52—/पटना दिनांक—19/01/2024/

CE Training/NATS/03/2023

The Apprentices Act, 1961 के तहत National Apprenticeship Training Scheme (NATS) का क्रियान्वयन बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना में तत्क्षण प्रभाव से किया जाता है। NATS के क्रियान्वयन हेतु निम्न प्रावधान किये जाते हैः—

नोडल पदाधिकारी—बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना में National Apprenticeship Training Scheme (NATS) के समन्वय हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री राजीव कुमार सिंह, उप सचिव–सह–उप महाप्रबंधक, (मा0सं0/प्रशा0) {कार्यकारी प्रभार}, BSPTCL को नामित किया जाता है। जबकि स्कीम के संचालन की जवाबदेही मुख्य अभियंता, (प्रशिक्षण), BSPTCL को दिया जाता है।

प्रशिक्षुओ की संख्या—Apprenticeship करने वाले उम्मीदवारों की संख्या Apprentices rule, 92 में निहित प्रावधान ("Within a Financial Year, each establishment shall engage Apprenticeship in a band of 2.5% to 10% of the total strength of the establishment including contractual staff") के आधार पर कम से कम 140 एंव अधिकतम 560 होगा। वर्तमान में पंजीकरण कराने के समय डिग्री होल्डर के रूप में 74 एवं डिप्लोमा होल्डर के रूप में 66 उम्मीदवारों को रखा जा सकेगा। जैसे–जैसे प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवारों की संख्या में बढ़ोतरी होगी इसे परिवर्तित कर अधिकतम 560 तक, सक्षम पदाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त किया जा सकेगा।

वृत्ति (Stipend)— National Apprenticeship Training Scheme (NATS) के प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं के वृत्तिका भुगतान एवं प्रतिपूर्त्ति प्राप्त करने हेतु वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा), कंपनी मुख्यालय, BSPTCL को नामित किया जाता है। प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण अवधि में डिग्री होल्डर को रू0–9000/– (नौ हजार) मात्र एवं डिप्लोमा होल्डर को रू0–8000/– (आठ हजार) मात्र प्रति माह का भुगतान कंपनी द्वारा प्रशिक्षुओं को किया जायेगा; जिसमें से उक्त अधिनियम में निहित प्रावधानानुसार 50% राशि की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जाएगी।

शाखा–निम्न शाखाओं के डिग्री/डिप्लोमा होल्डर प्रशिक्षण के लिए मान्य हैः—

(1) Mechenical Engineering
(2) Electrical Engineering
(3) Electronics & Communication Engineering
(4) Civil Engineering
(5) IT/Computer Science Engineering
(6) Electronics Engineering
(7) Electrical & Electronics Engineering

(प्रशिक्षण मॉडयूल— Annexure 'A' संलग्न है)

NATS के पोर्टल पर कम्पनी के ID एवं Password संबंधी जानकारी तथा अन्य Online कार्यो के संचालन हेतु श्री निशांत कुमार, DBA, BSPTCL को अधिकृत किया जाता है।

भविष्य में सक्षम पदाधिकारी के आदेशोपरान्त उम्मीदवारों की संख्या एवं समतुल्य वृत्ति आदि में परिर्वतन किया जा सकेगा।

जिस किसी उम्मीदवार को National Apprenticeship Training Scheme (NATS) के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा, उसे उक्त प्रशिक्षण के आधार पर BSPTCL या अन्य अनुषंगी विधुत कम्पनियों में किसी प्रकार के नियोजन का दावा मान्य नही होगा।

2. कम्पनी मुख्यालय के का0आ0सं0–352 दिनांक–13.07.2023 को उक्त हद तक संशोधित किया जाता है।

इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अनुः— Annexure ' A'.

आदेश से,
ह0/–
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

कृ0पृ0ऊ0

ज्ञापांकः...पटना दिनांकः.../

प्रतिलिपिः—अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (हो0) कम्पनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा0सं0/प्रशा0)/विशेष कार्य पदाधिकारी (तकनीकी), नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांकः.......178.......................पटना दिनांकः.....19/01/2024..../

प्रतिलिपिः—निदेशक (परियोजना)/निदेशक (परिचालन)/मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण)/ महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/सभी मुख्य अभियंता,/महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/डी0बी0ए0/प्रशासी पदाधिकारी (ERP), BSPTCL/ महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/ मुजफ्फरपुर/ भागलपुर/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर से अनुरोध है कि इसकी एक प्रति कम्पनी के बेवसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करेंगें।

19.1.24
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

19-1-24

39

18

DBA